Dec 2019 to Feb 2020

स्मार्ट सिटी वाराणसी
अलौकिक · आध्यात्मिक · आधुनिक

# नगर निगम, वाराणसी

## E-news letter

## पानी की बचत व जल संरक्षण



जल ही जीवन है, ये हमेशा हम सुनते है, लेकिन मानते कितना है? क्या हम जल की रक्षा जीवन की तरह करते है? क्या हम उसे भी उतनी तब्बजो देते है, जितना किसी इन्सान की जिंदगी को? इन सवाल के जबाब सबके पास ना में ही होंगे. हम सब जानते है कि पानी के बिना हम अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते. लेकिन फिर भी हम इसे फिजूल में खर्च कर देते है. हमारी प्रथ्वी के 70% भाग जल से डूबा हुआ है लेकिन 1–2 % ही इसमें से उपयोग करने लायक है. हमें जल को बहुत सहेज के रखने की जरुरत है, नहीं तो वह दिन दूर नहीं जब हम एक एक बूँद को तरसेंगे. पानी एक ऐसा धन है जिसे हम सहेज कर रखेंगे तभी हमारी आने वाली पीढ़ी उसे उपयोग कर पायेगी. जल है तो कल है. जल की रक्षा हमेशा करें, और ऐसा करने के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें. हम करेंगे तभी हमारे छोटे भी हमसे सीखेंगे. रास्ते में कभी भी कही पर कोई नल खुला हुआ हो, तो उसे बंद करें, पाइप लाइन फूटी हो तो उसकी **complaint** करें. आजकल तो हमारे घर में पानी आ जाता है, पानी की कीमत वो लोग समझते है जो 4–5 **km** पैदल चलकर पानी भरने जाते है. 1–2 बाल्टी के लिए उन्हें घंटो लाइन में खड़े होना पड़ता है. हम उनकी मदद सीधे तौर पर तो नहीं कर सकते. लेकिन कम से कम पानी बचायें, जिससे सही हाथों तक ये पहुँच सके. आज से ही यह शुरुआत अपने घर से करे, यह एक सामाजिक जिम्मेदारी है जो हम सब को साथ मिल कर उठानी चाहिए.

**मुख्य संरक्षक**

श्रीमती मृदुला जायसवाल,
मा0 महापौर

**मुख्य संपादक**

श्री गौरांग राठी
नगर आयुक्त

**संपादक**

श्री सुमित कुमार
अपर नगर आयुक्त

**संकलन**

श्री संदीप श्रीवास्तव
कोआर्डिनेटर, कम्प्यूटर सेल

**कम्प्यूटर डिजाईन**

टीम, कम्प्यूटर सेल

नगर निगम वाराणसी

सिगरा शहीद उद्यान के सामने वाराणसी 221010

Email- nagarnigamvns@gmail.com

Website-www.nnvns.org.in

Phone- 0542 222 1 711

Fax- 0542 222 1 702

Control Room Toll Free- 155304

0542- 2221709 / 0542-2221999

Activity: - Today in school activity awareness in public awareness and door-to-door awareness activity, source segregation and home composting.

Area: - Ranipur Varanasi




















**Activity: -** जायका सहायतित गंगा एक्शन प्लान वाराणसी नगर निगम के अंतर्गत दशाश्वमेध जोन में कार्य रही संस्था जन विकास एवं कल्याण समिति द्वारा दिनांक 29.11.2019 करे 10:00 बजे ए.ओ. मुस्लिम गर्ल्स इंटर कालेज लल्लापुरा में जल संरक्षण हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्‌देश्य विद्यार्थियों को यह समझाना कि किस प्रकार टपकते नल से वर्तमान में बड़ी मात्रा में जल बर्बाद हो रहा है। इसके लिए संस्था के मिथिलेश सिंह कुशवाहा द्वारा "**बून्द–बून्द महत्वपूर्ण**" नामक गतिविधियों से स्पष्ट किय गया कि लगभग एक मिनट में 50 मिली लीटर पानी की बर्बादी होती है। इसी कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रायोगिक तौर से आकड़ो की सहायत ासे गणना करके यह स्पष्ट किया गया कि एक घंटे में लगभग 3 लीटर पानी की बर्बादी होती है। कार्यक्रम में जल संरक्षण हेतु विस्तृत जानकारी भी विद्यार्थियों के समक्ष बताया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रधानाचार्य नाहीद बेगम ने जल की उपयोगिता को स्पष्ट करते हुए बताया कि जल हमारे जीवन के लिए बहुत ही महत्व है। कार्यक्रम में उपस्थित जायका पी0एम0सी0 से प्रीति सिंह ने जल अपव्यय को रोकने के लिए उपाय भी बताए व स्वच्छता से सम्बन्धित भी जानकारी को विद्यार्थियों के बीच सांझा भी किय। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों व शिक्षकगण से जल संरक्षण हेतु शपथ भी दिलाया गया।

**Area: -** लल्लापुरा वाराणसी।











**Activity: -** जायका सहायतित एक्शन प्लान वाराणसी परियोजना के जन जागरुकता व जन सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण शिक्षण केन्द्र कोतवाली जोन द्वारा रंगभूमि कला मंच के कलाकारों के माध्यम से एक से बढ़कर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किय गया। नाटक के माध्यम से वार्ड के लोागो को एक बार प्रयोग होने वाली पॉलिथिन का प्रयोग न करने, कचरे को इधर–उधर न फेकनें बल्कि कपड़े के थैले और कूड़ेदान का प्रयोग करने आदि के विषय में जागरूक करने का प्रयास किय गय। साथ ही साथ जल संरक्षण की भी अपील की गयी। नुक्कड़ नाटक की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक की टीम द्वारा एकल पॉलिथिन के उत्पादन, विक्रय व प्रयोग और कचरे का सही निस्तारण न करने पर दंडात्मक प्रावधानों के विषय में मनोरंजनात्मक ढंग से जानकारी दी गयी।

**Area: -** बेनिया वार्ड वाराणसी।














Activity: - पर्यावरण शिक्षण केन्द्र (सी.ई.ई.) टीम द्वारा जायका सहायतित गंगा एक्शन प्लान वाराणसी परियोजना के अंतर्गत भदैनी घाट पर विक्रेताओं व हित धारकों की बैठक व स्वच्छता जागरुकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस बैठक में हमारी टीम द्वारा परियोजना के मुख्य घटक जन जागरूकता व जन सहभागिता कार्यक्रम के अन्तर्गत परियोजना की जन स्वीकार्यता को बढ़ाने व उनके सदुपयोग हेतु एव ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, घाटो की स्वच्छता व प्लास्टिक मुक्त घाट हेतु घाट के हितधारको के साथ विस्तृत परिचर्चा की गयी तथा महिलाओं व दुकानदारों को गंगा व घाट की स्वच्छता बनाये रखने हेतु कूड़ेदान का वितरण किया गया।

Area: - भदैनी वार्ड **वाराणसी**।









Activity: - Today in school activity public awareness and Bal sena, mahila samiti, youth clib and other activity.

Area: - Bhelupur Varanasi














Activity: - Today awareness in schools for sourec segregation, waste collection in Prathamik Kanya Vidyalaya Sunderpur.

Area: - Sunderpur Varanasi


















Activity: - भेलूपुर वार्ड कें सबजोन नगवां में जवाहर नगर कालोनी एक्स्टेंसन में टाटा ट्रस्ट टीम के सहयोग से स्थानीय महिला समिति सदस्यों हेतु ''अपशिष्ट प्रबंधन'' विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें उन्हें डोर टू डोर कलेक्सन, कूड़े के पृथक्करण, होम कम्पोस्टिंग एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 की विस्तृत जानकारी देते हुए काशी शहर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देने हेतु शपथ दिलायी गयी।

Area: - भेलूपुर वार्ड **वाराणसी**।








Activity: - School activity with awareness in source segregation and do not use plastic

Area: - Sundepur Varanasi












# वाराणसी नगर निगम की सीमा का विस्तार

## दो नगर निगम, दो नपा परिषद व तीन नपं की सीमाएं बढ़ीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में विभिन्न विभागों के 34 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें वाराणसी व लखनऊ नगर निगम सहित सात नगरीय निकायों के सीमा विस्तार को हरी झंडी दे दी गई है। इनमें दो नगर पालिका परिषद व तीन नगर पंचायतें शामिल हैं। बैठक में जालौन की कोंच व संतकबीरनगर की खलीलाबाद नगर पालिका परिषद के सीमा विस्तार को मंजूरी मिली। सिद्धार्थनगर की शोहरतगढ़, सीतापुर की तम्बौर अहमदाबाद व रायबरेली की महाराजगंज नगर पंचायत का भी सीमा विस्तार किया गया है। कैबिनेट ने 11 नई नगर पंचायतों के गठन को भी मंजूरी दे दी है।

वाराणसी में 79 राजस्व गांव को जोड़ा गया है। इससे वाराणसी नगर निगम की सीमा में कुल 8621.691 हेक्टेयर क्षेत्रफल और बढ़ गया है। वहीं लखनऊ नगर निगम की सीमा में 88 नए राजस्व गांव और जोड़े गए हैं। यह गांव लखनऊ नगर निगम की सीमा के चारों ओर पूरब, पश्चिम, उत्तर व दक्षिण दिशाओं के हैं। कैबिनेट ने सीमा विस्तार में किसी भी प्रकार के संशोधन व परिवर्तन का अधिकार विभागीय मंत्री को दे दिया है। जालौन की नगर पालिका परिषद, कोंच में सीमा विस्तार करते हुए पांच नए राजस्व गांव शामिल किए गए हैं। संतकबीरनगर की नगर पालिका परिषद, खलीलाबाद में 21 राजस्व गांवों को शामिल किया गया है। इसी प्रकार सिद्धार्थनगर की नगर पंचायत शोहरतगढ़, सीतापुर की नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद व रायबरेली की नगर पंचायत महाराजगंज के सीमा विस्तार को मंजूरी मिल गई है। कैबिनेट ने जिन 11 नई नगर पंचायतों का गठन किया है, उनमें महराजगंज के बृजमनगंज, बस्ती के भानपुर, लखीमपुर खीरी के निघासन, संतकबीरनगर के बेलहर कला व बाघनगर उर्फ बखिरा, मैनपुरी के बरनाहल, जौनपुर के ग्राम कचगांव, मऊ के ग्राम कुर्थीजाफरपुर व प्रतापगढ़ के सुवंशा बाजार हैं। सिद्धार्थनगर में दो नई नगर पंचायतें और बनाई गई हैं। इनमें बिस्कोहर बाजार के साथ ही बर्डपुर शहर को नगर पंचायत कपिलवस्तु बनाया गया है। संबंधित खबर >> पेज 8



### कैबिनेट के फैसले

- वाराणसी नगर निगम की सीमा में 79 राजस्व गांव को जोड़ा गया
- अब निगम का 8621.691 हेक्टेयर क्षेत्रफल और बढ़ गया
- 11 नई नगर पंचायतों के गठन को भी मंजूरी कैबिनेट ने दी मंजूरी

### एडेड जूनियर हाईस्कूलों में शिक्षक भर्ती को परीक्षा

लखनऊ : परिषदीय विद्यालयों की तरह अब अशासकीय सहायताप्राप्त जूनियर हाईस्कूलों के अध्यापकों और प्रधानाध्यापकों की भर्ती को भी प्रदेश स्तर पर लिखित परीक्षाएं होंगी। एडेड जूनियर हाईस्कूलों में सहायक अध्यापक के अस्थायी नियुक्ति को खत्म कर दिया गया है।

विस्तृत खबर >> पेज 11

### बुनकरों को फ्लैट रेट पर बिजली देने की व्यवस्था खत्म

लखनऊ : पावरलूम बुनकरों को फ्लैट रेट पर बिजली आपूर्ति की वजह से सब्सिडी के बढ़ते बोझ से छुटकारा पाने और बिजली का गलत इस्तेमाल रोकने को प्रदेश सरकार ने योजना में बदलाव करने का निर्णय लिया है।

विस्तृत खबर >> पेज 11

कैबिनेट की बैठक में मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की अध्यक्षत में हुई कैबिनेट की बैठक में विभिन्न विभागों के 34 प्रस्तावों में से एक वाराणसी व लखनऊ नगर निगम सहित सात नगरीय निकायों के सीमा विस्तार को हरी झंडी दे दी गई। वाराणसी में 79 राजस्व गांव को जोड़ा गया है। इससे वाराणसी नगर निगम की सीमा में कुल 8221.691 हेक्टेयर क्षेत्रफल और बढ़ गया है।

**सुविधा** | जरूरतमंद लोगों के बीच बांटे जाएंगे पुराने कपड़े व बर्तन

# स्थापित होगा कपड़ा व बर्तन बैंक

जागरण संवाददाता, वाराणसी : स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर निगम एक अनोखी पहल शुरू करने जा रहा है। आध्यात्मिक नगरी काशी में दान-पुण्य के लिए लोग आगे आते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए क्लाथ व बर्तन बैंक खोलने का निर्णय लिया गया है।

गौरांग राठी ने मातहतों के साथ बैठक कर निर्णय लिया है कि इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में उन सभी बिंदुओं पर काम किया जाएगा जिससे गंदगी होती है। देखा गया है कि लोग पुराने कपड़ों को भी कचरा कंटेनर आदि में फेंक देते हैं। यदि ऐसे कपड़ों को एकत्र कर जरूरतमंदों के बीच वितरित कर दिया जाए तो दोहरा लाभ होगा। एक तो ऐसे बच्चों व बड़ों को कपड़ा पहनने के लिए मिल जाएगा तो वहीं गंदगी भी नहीं होगी। इसी प्रकार बर्तन बैंक का भी उपयोग किया जाएगा। कासार बर्तनों को जरूरतमंदों के बीच बांट दिया जाएगा तो वहीं बेकार बर्तनों को कबाड़ के रूप में बिक्री हो सकती है। इस योजना को लेकर आगामी सात दिसंबर को स्कूल व अन्य संस्थाओं के बीच मंथन होगा। सबकी सहमति मिली तो योजना को मूर्तरूप दिया जाएगा।




**पहले से है नेकी की दीवार:** जिस कपड़ा बैंक को लेकर नगर निगम कवायद करने जा रहा है, वह नगर में पहले से क्रियान्वित है। बिना स्वार्थ कुछ लोगों ने नेकी की दीवार की शुरुआत कर दी है। धीरे-धीरे यह प्रयास रंग लाया और कई स्थानों पर दीवार बन गई जहां पर लोग पुराने कपड़ों को रख देते हैं। जरूरतमंद पहुंचते हैं और बिना संकोच उठा लेते हैं।

### नदेसर में एक रेस्टोरेंट का चालान

नगर निगम दस्ते ने अभियान चलाकर गंदगी फैलाने के आरोप में एक रेस्टोरेंट का चालान काटा है। वहीं पांच स्ट्रीट वेंडर और एक दुकानदार पर गंदगी फैलाने के जुर्म में एक हजार का जुर्माना लगाया गया है।

### दशाश्वमेध-गोदौलिया मार्ग पर हटाया अतिक्रमण

जासं, जागरण: नगर निगम के प्रवर्तन दल ने दशाश्वमेध घाट से गोदौलिया और गोदौलिया से मैदागिन तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान गोदौलिया में प्रवर्तन दल की दुकानदारों से हल्की नोकझोंक हुई। प्रवर्तन दल द्वारा पटरी पर अतिक्रमण करके सामान बेच रहे दुकानदारों से दो गाड़ी सामान जब्त किया गया। उधर जालपा देवी क्षेत्र में एक बड़े प्लास्टिक व्यवसायी के यहां तीसरी बार छापेमारी करते हुए लगभग 10 क्विंटल प्लास्टिक के ग्लास और कैरी बैग जब्त किया गया। साथ ही उससे 25,000 हजार रुपया जुर्माना वसूला गया। भेलूपुर जोन में प्रतिबंधित पॉलिथीन के खिलाफ अभियान चलाते हुए दुकानदारों से छह हजार रुपया जुर्माना वसूला गया। साथ ही नदेसर में 13 होटल संचालकों को अपशिष्ट से खाद बनाने की व्यवस्था नही करने पर नोटिस दिया गया और एक से पंद्रह हजार रुपया जुर्माना वसूला गया।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर निगम द्वारा एक पहल शुरू करने करने जा रहा है। आध्यात्मिक नगरी काशी में दान–पुण्य के लिए लोग आगे आते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए क्लाथ व बर्तन बैंक खोलने का निर्णय लिया गया है। देखा गया है कि लोग पुराने कपड़ों को भी कचरा कंटेनर आदि में फेंक देते हैं। यदि ऐसे कपड़े को एकत्र कर जरूरतमंदों के बीच वितरित कर दिया जाए तो दोहरा लाभ होगा। एक तो ऐसे बच्चों व बड़ों को कपड़ा पहनने के लिए मिल जाएगा तो वही गंदगी भी नहीं होगी ।